समाचार

09 जुलाई को वार्ड क्र. 01, 10, 20, 33, 40, 48, 54, 60 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 08 जुलाई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 09 जुलाई शुक्रवार को वार्ड क्र. 01, 10, 20, 33, 40, 48, 54, 60 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 09 जुलाई शुक्रवार को वार्ड क्र. 01 पटेलपारा दुर्गा चौक, वार्ड क्र. 10 संजयनगर रोड केनाल रोड, वार्ड क्र. 20 सामुदायिक भवन आरामशीन, वार्ड क्र. 33 रामपुर सामुदायकि भवन, वार्ड क्र. 40 नेहरूनगर पार्षद घर के पास, वार्ड क्र. 48 इंदिरा नगर सुमेधा आशीष अग्रवाल घर के पास, वार्ड क्र. 54 जरहा जेल स्कूल के पास, वार्ड क्र. 60 धरमपुर सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी। योजना के अंतर्गत अभी तक निगम क्षेत्र में 1374 शिविरों के माध्यम से 68685 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)